कार्यालय पुलिस उपायुक्त वरुणा जोन कमिश्नरेट वाराणसी

प्रेस नोट

दिनांक- 20.02.2024

गैंगेस्टर एक्ट के मुकदमे में वांछित पांच हजार रूपये का इनामिया अभियुक्त सोमुद आलम उर्फ रॉकी थाना लोहता व फूलपुर पुलिस की संयुक्त टीम द्वारा गिरफ्तार

श्रीमान् पुलिस आयुक्त वाराणसी के अपराध व अपराधियों पर प्रभावी नियंत्रण तथा वांछित/फरार अभियुक्तों की गिरफ़्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में श्रीमान् पुलिस उपायुक्त वरुणा ज़ोन के निर्देशन मे, श्रीमान अपर पुलिस उपायुक्त वरुणा ज़ोन के पर्यवेक्षण में, श्रीमान सहायक पुलिस आयुक्त रोहनिया के नेतृत्व में थाना लोहता व थाना फूलपुर की संयुक्त पुलिस टीम द्वारा मु0अ0स 206/2020 धारा 3(1) उ0प्र0 गैंगेस्टर एक्ट थाना फूलपुर कमिश्नरेट वाराणसी से सम्बन्धित वांछित पांच हजार रूपये का इनामिया अभियुक्त सोमुद आलम उर्फ रॉकी पुत्र मुजुर आलम निवासी-11/ए हर्शी स्टेट राजा बाजार थाना नारककेट डागा कोलकाता, पश्चिम बंगाल को आज दिनांक- 20.02.2024 को समय करीब 15.05 बजे मुढैला तिराहे से रोहनिया जाने वाले रास्ते पर कुछ कदम दूर थाना लोहता कमिश्नरेट वाराणसी से गिरफ्तार किया गया। उक्त सम्बन्ध में थाना लोहता पुलिस द्वारा आवश्यक विधिक कार्यवाही की जा रही है।

गिरफ्तार अभियुक्त का विवरण-

सोमुद आलम उर्फ रॉकी पुत्र मुजुर आलम निवासी-11/ए हर्शी स्टेट राजा बाजार थाना नारककेट डागा कोलकाता, पश्चिम बंगाल उम्र करीब 55 वर्ष।

पुरस्कार घोषित राशि- 5000/- रूपये।

गिरफ्तारी करने वाली पुलिस टीम का विवरण-

1. उ0नि0 विशाल कुमार सिंह थाना लोहता कमिश्नरेट वाराणसी।
2. उ0नि0 नत्थू प्रसाद थाना लोहता कमिश्नरेट वाराणसी।
3. उ0नि0 प्रदीप कुमार थाना फूलपुर कमिश्नरेट वाराणसी
4. हे0का0 दीपक श्रीवास्तव थाना फूलपुर कमिश्नरेट वाराणसी
5. हे0का0 अजय राय थाना लोहता कमिश्नरटे वाराणसी
6. हे0का0 प्रवीण कुमार थाना लोहता कमिश्नरेट वाराणसी।
7. हे0का0 सत्यप्रकाश सिंह थाना लोहता कमिश्नरेट वाराणसी।
8. का0 अजीत कुमार थाना लोहता कमिश्नरटे वाराणसी

सोशल मीडिया सेल
पुलिस उपायुक्त, वरुणा जोन
कमिश्नरेट वाराणसी।

चतुर्थ चरण
शुभारंभ
कार्यालय
Call At Quitline Number - 1800-11-2356 (Toll Free)